# उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड
## शक्ति भवन, 14—अशोक मार्ग,
## लखनऊ।
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)

## सार्वजनिक सूचना

विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 64 के अन्तर्गत, उ0प्र0 सरकार के उपक्रम, उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0 द्वारा वित्तीय वर्ष 2016—17 हेतु सकल राजस्व आवश्यकता एवं टैरिफ याचिका तथा वित्तीय वर्ष 2013—14 हेतु ट्रू—अप याचिका दिनांक 30.11.2015 को मा0 उ0प्र0 विद्युत नियामक आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गयी थी।

माननीय आयोग ने अपने आदेश दिनांक 29.03.2016 के द्वारा उपरोक्त याचिकायें स्वीकार कर ली हैं। आदेश के अनुपालन में वर्ष 2016—17 के लिए प्रस्तावित सकल राजस्व आवश्यकता एवं प्रस्तावित विद्युत पारेषण दरों एवं ट्रू—अप याचिका वर्ष 2013—14 के मुख्य बिन्दु उपभोक्ताओं एवं सामान्य जनता की जानकारी के लिए निम्नवत् सूचित किये जाते हैं—

### ए0आर0आर0 एवं ट्रू—अप

| विवरण | वर्ष 2013—14 टैरिफ आदेश दिनांक 31.5.2013 | वर्ष 2013—14 (ट्रू—अप) | वर्ष 2016—17 (ए0आर0आर0) |
|---|---|---|---|
| उपलब्ध ऊर्जा (मि0यू0) | 84,632 | 84,252 | 125,627 |
| पारेषित ऊर्जा (मि0यू0) | 80,181 | 77,586 | 119,020 |
| पारेषण हानियॉं (%) | 5.26% | 7.91% | 5.26% |
| | | | |
| **व्यय (रू0 करोड़)** | | | |
| अधिष्ठान व्यय | 439.64 | 414.83 | 520.03 |
| लेखा एवं सामान्य व्यय | 25.79 | 24.24 | 31.09 |
| अनुरक्षण व्यय | 149.99 | 140.54 | 188.59 |
| ब्याज एवं वित्त प्रभार | 638.51 | 789.31 | 1,432.69 |
| प्रावधान एवं अन्य विविध व्यय | - | 33.21 | - |
| ह्रास | 430.15 | 469.55 | 793.28 |
| आर0ओ0ई0 | 74.36 | 67.61 | 106.89 |
| घटायेंः ब्याज एवं अन्य पूंजीकृत खर्चे | 237.59 | 415.55 | 716.75 |
| **कुल खर्चे** | **1,520.85** | **1,523.73** | **2,355.81** |
| अन्य आय (—) | 36.23 | 23.75 | 51.87 |
| **कुल वार्षिक राजस्व आवश्यकता** | **1,484.62** | **1,499.98** | **2,303.94** |
| **ट्रांसमिशन दर (रू0/यूनिट)** | | | 0.1936 |

## एस0एल0डी0सी0 चार्जेज

| विवरण(रू0 करोड़) | वर्ष 2016–17 (ए0आर0आर0) |
|---|---|
| अधिष्ठान व्यय | 23.43 |
| लेखा एवं सामान्य व्यय | 3.20 |
| अनुरक्षण परिचालन व्यय एवं छोटे पूंजीकृत कार्य | 3.15 |
| वेबसाइट एवं साफ्टवेयर विकास | 1.15 |
| एस0एल0डी0सी0 बिल्डिग / पूंजीगत व्यय | 21.85 |
| **योग** | **52.78** |
| अन्य आय (–) | 6.40 |
| **कुल एस0एल0डी0सी0 वार्षिक राजस्व आवश्यकता** | **46.38** |

संदर्भित ए0आर0आर0 एवं टैरिफ याचिका, ट्रू–अप याचिका, आयोग द्वारा इंगित प्रश्नों के प्रत्युत्तर के साथ, उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0 की वेबसाइट (www.upptcl.org) पर उपलब्ध हैं।

समस्त स्टेक–होल्डर, सामान्य जनता तथा सभी उपभोक्ता समय–समय पर टैरिफ निर्धारण से संबंधित लाइसेन्सी द्वारा प्रेषित अभिलेखों की अद्यतन जानकारी निगम की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं।

सभी उपभोक्ता, संस्था, अनुज्ञप्ति धारक, स्टेक होल्डर और सरकार के विभाग अपने प्रतिवेदन नोटराइज्ड शपथपत्र के साथ छह प्रतियों में जिसमें चार प्रति सचिव, उ0प्र0 विद्युत नियामक आयोग, किसान मण्डी भवन, द्वितीय तल, गोमती नगर, लखनऊ–226010 को, और दो प्रतियॉ निदेशक (वाणिज्य), 11वॉ तल, शक्ति भवन विस्तार, लखनऊ-226001 को इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर प्रेषित कर सकते हैं।

अध्यक्ष
उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लि0

**राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें**